हम है श्याम दिवाने

बदले अगर जो सारी दुनिया बदले चाहे जमाना
नहीं परवाह है मुझको कान्हा बस तु बदल ना जाना
प्रेम ही कारोबार है अपना प्रेम ही करना जाने
हम है श्याम दिवाने.......

हम कीर्तनीया कीर्तन करते, कीर्तन करना जाने,
हम है श्याम दिवाने......

गाँव-गाँव और गली-गली में महिमा श्याम की गावे,
जहाँ-जहाँ हो कीर्तन प्रभु का हम तो वही रम जावे,
मील गई जबसे चरण-चाकरी.....
मील गई जबसे चरण-चाकरी बन-गए हम मस्ताने...
हम है श्याम दिवाने....

श्याम दिवाने शामिल होकर संगत श्याम की गाए,
जय श्री श्याम से करे अभिवादन, सबमे श्याम को पाऐ,
उच-नीच का भेद ना जाने,
उच-नीच का भेद ना जाने, सबको अपना माने...
हम है श्याम दिवाने......

शरण सुदामा के जैसी दो घन्ना की सी लगन,
नानी नरसी सुर कबीरा जैसे हुए है मगन,
"सोहन" मीरा के संदेशे हमे लगे है भाने,
हम है श्याम दिवाने......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/9239/title/hum-hai-shyam-deewane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |